प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में कल 65 दशमलव तीन–एक प्रतिशत हुआ मतदान, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा–आज आएगी अंतिम रिपोर्ट, बढ़ेगा आंकड़ा।
- सातवें और अंतिम चरण के लिए पर्चा भरने का आज अंतिम दिन, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन करेंगे दाखिल।
- बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का दिल्ली के एम्स में हुआ निधन, भाजपा सहित अन्य पार्टी के नेताओं ने उनके निधन पर जताया शोक।
- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम से आज करेगा पूछताछ।
- रांची सहित राज्य के सभी जिलों में आज से बढ़ेगा तापमान, मौसम विभाग ने उन्नीस मई से फिर बारिश की जतायी संभावना।

***************

झारखंड में कल चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में कुल पैंसठ दशमलव तीन–एक प्रतिशत मतदान हुआ। यह पिछली बार की तुलना में एक दशमलव नौ–सात प्रतिशत कम रहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आज दोपहर बारह बजे तक मतदान की अंतिम रिपोर्ट आएगी। उन्होंने बताया है कि इसमें वोटिंग का आंकड़ा बढ़ेगा। पीठासीन पदाधिकारियों के पास सत्रह–सी फॉर्म होता है जिसमें अंतिम वोट का डाटा दर्ज होता है। उन्होंने बताया कि चारों सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। सबसे ज्यादा खूंटी लोकसभा सीट पर उन्हत्तर दशमलव शून्य–दो प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं सबसे कम इकसठ दशमलव शून्य–चार प्रतिशत मतदान पलामू में हुआ। सिंहभूम अरसठ दशमलव नौ–आठ और लोहरदगा में चौंसठ दशमलव आठ–छह प्रतिशत मतदान हुआ।

***************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर सातवें चरण में वोट डाले जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। शुक्रवार तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। वाराणसी में सातवें और अंतिम चरण में मतदान होगा।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा आज गिरिडीह के बिरनी में होगी। इस दौरान वे गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा का आयोजन बिरनी प्रखंड के पेशम अरवाड़ मैदान में दोपहर बाद किया गया है। इधर झामुमो की कल्पना सोरेन भी आज कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। वे गांडेय में जनसम्पर्क अभियान भी चलाएंगी।

***************

चुनाव आयोग के निर्देश पर कल धनबाद जिला प्रशासन ने विभिन्न जगहों पर जांच के दौरान करीब अठारह लाख रूपये जब्त किए। धनसार थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान हावड़ा मोटर के पासएक कार से साढ़े नौ लाख रुपये पकड़े। दूसरे मामले में बैंक मोड़–झरिया सड़क पर चेकिंग के दौरान एक वाहन से करीब दो लाख रूपये जब्त किए गए। इधर गोमो के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गोमो स्टेशन चौक के पास वाहनों की जांच के दौरान दो बाइक की डिक्की से करीब साढ़े तीन लाख रूपये जब्त किए। वहीं झरिया बस स्टैंड के पास भी पुलिस ने अभियान चलाकर दो लोगों के पास से 2 लाख 80 हजार 740 रुपये पकड़े। सभी मामलों की जानकारी एफएसटी को दी गई है।

***************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी का कल दिल्ली स्थित एम्स में निधन हो गया। बहत्तर वर्षीय सुशील मोदी का पार्थिव शरीर आज पटना स्थित उनके आवास पर लाया जाएगा। उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा और अन्य पार्टियों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने 1974 में जेपी छात्र आंदोलन से सक्रिय राजनीति में कदम रखा था। दो हजार दस में वे पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री बने थे।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम से प्रवर्तन निदेशालय–ईडी आज पूछताछ करेगा। ईडी ने आलमगीर आलम को हिनू स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए रविवार को समन किया था। इससे पहले ईडी ने छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव रहे संजीव लाल सहित कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में ईडी ने संजीव लाल के घरेलू नौकर जहांगीर आलम के हरमू रोड स्थित फ्लैट से बत्तीस करोड़ बीस लाख रूपये जब्त किए थे। ईडी ने झारखंड मंत्रालय स्थित संजीव लाल के विभागीय चैंबर में भी छापेमारी की थी। वहां से भी ईडी ने एक लाख पचहत्तर हजार रूपये बरामद किए थे।

***************

राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आज से तापमान में वृद्धि होगी। मौसम विभाग ने बताया है कि एक सप्ताह बाद उन्नीस मई से एक बार फिर मौसम में बदलाव हो सकता है। संताल परगना सहित कई इलाकों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। इससे कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज से मौसम शुष्क रहेगा। कल रांची का अधिकतम तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस रहा।

***************

आईपीएल क्रिकेट में गुजरात टाइटंस की टीम प्ले–ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। क्योंकि कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण बिना गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिलाए जिससे बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शीर्ष दो में जगह पक्की हो गई।
अब गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सहित छह टीमें प्ले–ऑफ में जगह बनाने की होड़ में हैं।

***************

अखबारों की सुर्खियां

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल झारखंड के चार लोकसभा सीटों पर हुए मतदान की खबर को राज्य के अधिकांश अखबारों ने पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – झारखंड में नक्सल प्रभाव घटा तो वोटों की जमकर बारिश।

प्रभात खबर की सुर्खी है– झारखंड में चौंसठ दशमलव पांच–नौ प्रतिशत मतदान, दो हजार उन्नीस के मुकाबले दो दशमलव छह–पांच प्रतिशत कम हुई वोटिंग।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– चौथा चरण छियानबे सीटें इस चुनाव में पहली बार अरसठ प्रतिशत तक पहुंची वोटिंग।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– चार संसदीय सीटों के लिए पड़े वोट, नक्सलियों के बहिष्कार का प्रभाव नहीं, मतदान के लिए दिनभर लगी रहीं कतारें।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– नक्सल इलाकों में वोटरों का टर्न आउट सबसे ज्यादा।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– सबसे अधिक सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में हुआ मतदान, सबसे कम पलामू में हुई वोटिंग।

और अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने छियानबे लोकसभा सीटों पर हुए बासठ प्रतिशत मतदान की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

***************